भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

19.03.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2843 का उत्तर

आईआरसीटीसी द्वारा नागरिकों को ई-मेल

2843. श्री कुमार केतकर
श्री जी.सी. चन्द्रशेखर
श्री विवेक के. तन्खा
श्री राजमणि पटेल
श्रीमती फूलो देवी नेतम
डा. एल. हनुमंततय्याः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने दिसम्बर 2020 में 'प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार का सिक्खों के साथ विशेष संबंध' नामक दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में संलग्न करके देश के नागरिकों को ई-मेल भेजे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो इस कार्य को करने के क्या कारण हैं;

(ग) यदि हाँ, तो आईआरसीटीसी द्वारा इस विषय को चुने जाने के क्या कारण हैं, जबकि इसकी जिम्मेदारियां खानपान, पर्यटन और रेलवे की ऑनलाइन टिकट करने के कार्यों से संबंधित है; और

(घ) यदि हाँ, तो ई-मेल के वस्तु-विषयों में देश के अन्य समुदायों को शामिल न करने और विशेष रूप से सिक्ख समुदायों को शामिल करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) प्रत्येक सरकार राष्ट्र हित के लिए लागू किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में अपने नागरिकों से संपर्क करती है। यह कार्य विभिन्न प्रकार के उपलब्ध संचार साधनों के माध्यम से किया जाता है। ई-मेलर्स के माध्यम से देश के नागरिकों तक पहुंचना संचार के सबसे तेज माध्यमों में से एक है ।

धर्म, क्षेत्र आदि बिना किसी भेदभाव के आईआरसीटीसी द्वारा यात्रियों को मेल भेजी गई थीं।

भारतीय रेल राष्ट्र को कई दृश्य और अदृश्य तरीकों से जोड़ती है। आईआरसीटीसी अपनी वेबसाइट www.irctc.co.in के माध्यम से, परिवहन के साधन के रूप में भारतीय रेल के जरिए करोड़ों भारतीयों से जुड़ा हुआ है।

आईआरसीटीसी द्वारा समय-समय पर अपने ग्राहकों को विभिन्न सरकारी अद्यतन कार्यक्रमों और पहलकदमियों के संबंध में ईमेल भेजे गए हैं।

******

Sk